प्रेसनोट जनपद बागपत

थाना रमाला दिनाँक 07.11.2026

थाना रमाला पर पंजीकृत अभियोगों से संबंधित बरामद अवैध विस्फोटक पटाखों का नियमानुसार विनिष्टीकरण कराया गया।

कार्यवाही-

आज दिनांक 07.11.2026 को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार थाना रमाला पर वर्ष 2026 में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों से संबंधित अवैध विस्फोटक पटाखों का विनिष्टीकरण क्षेत्राधिकारी बड़ौत एवं नायब तहसीलदार बड़ौत की उपस्थिति में थाना परिसर में जेसीबी के माध्यम से गड्ढा खुदवाकर कराया गया। इस दौरान कुल 14 कट्टे एवं 07 पेटी (कुल वजन 246 किलोग्राम) अवैध विस्फोटक पटाखों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही संपन्न की गई।



प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना खेकड़ा दिनाँक 07.11.2026

ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा जाफराबाद दिल्ली से गुमशुदा बच्चा को सकुशल बरामद कर उसके परिवारीजनों को सुपुर्द किया गया।

कार्यवाही:-



बागपत पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा जाफराबाद दिल्ली से गुमशुदा बच्चा उम्र करीब 14 वर्ष को तलाश कराकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनो द्वारा खेकड़ा पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0 नि0 श्री सतेन्द्र सिंह मीणा थाना खेकडा जनपद बागपत।
2. है0 का0 218 धर्मेन्द्र सिंह भाटी थाना खेकड़ा जनपद बागपत।